# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–02 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रदेश के एक लाख युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए हर साल मिलेगा ब्याजमुक्त ऋण। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना सहित पच्चीस प्रस्तावों को मिली मंजूरी।
- अपने क्षेत्र में नई सड़क, बाइपास, पुल और पुलिया के निर्माण के लिये अगले पन्द्रह दिन में प्रस्ताव तैयार करें जनप्रतिनिधि। मुख्यमंत्री ने कल जनप्रतिनिधियों से संवाद के दौरान दिये निर्देश।
- आज प्रदेश भर में मनायी जा रही है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती।
- कानपुर में खेले गये दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा कर दो टैस्ट मैचों की श्रृंखला दो–शून्य से जीती।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में कल हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, यूपी एग्री परियोजना, मथुरा और मेरठ में दो प्राइवेट विश्वविद्यालय खोले जाने सहित 25 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। प्राइवेट विश्वविद्यालय के लिए निवेशकों को स्टैम्प ड्यूटी में 20 से 50 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। वहीं, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत प्रदेश के एक लाख युवाओं को हर साल कारोबार के लिए पांच लाख रूपये बिना ब्याज के दिए जाएंगे। मंत्रि परिषद के फैसलों की जानकारी देते हुए प्रदेश के मंत्री राकेश सचान ने बताया कि योजना में छह महीने तक युवाओं को कोई किस्त नहीं देनी होगी।

***मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान जिसमें एक लाख नौजवानों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपए का बिना ब्याज के प्रशिक्षित और शिक्षित युवाओं को सूक्ष्म इकाइयों के लिए हम लोग लोन दे कर के और उनको रोजगार सृजन से जोड़ेंगे।***

मंत्रि परिषद की बैठक में उत्तर प्रदेश में बायो प्लास्टिक्स उद्योग नीति–2024 बनाने और बुन्देलखंड एक्सप्रेस–वे के दोनों तरफ सोलर पार्क बनाने के प्रस्तावों को भी मंजूरी मिल गई। इसके अलावा चार हजार करोड़ रुपये से यूपी एग्री परियोजना लागू करने के प्रस्ताव को भी पारित कर दिया गया।

इस परियोजना को 8 मंडलों के 28 जनपदों में लागू किया जायेगा, जिनमें 7 आकांक्षी जनपद और 50 आकांक्षी ब्लॉक शामिल है। बैठक में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत मक्का, बाजरा और ज्वार क्रय नीति और उत्तर प्रदेश उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति–2024 को भी मंजूरी मिल गई।

**********

प्रदेश की हर ग्राम पंचायत, कस्बे, नगर और महानगर में बेहतरीन रोड कनेक्टिविटी के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी सांसदों और विधायकों से अपने अपने क्षेत्र में नई सड़क, बाईपास, अथवा पुल और पुलिया के निर्माण और पुराने की मरम्मत के लिए अगले 15 दिन में प्रस्ताव तैयार करने को कहा है।

कल जनप्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़कों के लिए धन की कोई कमी नहीं है। ऐसे में सभी जनप्रतिनिधि अपने जिले के प्रभारी मंत्री और जिला प्रशासन के साथ मिलकर प्रस्ताव तैयार करें। उधर, एक अन्य बैठक में मुख्यमंत्री ने आगामी पर्व और त्योहारों के अवसर पर पुलिस और प्रशासन को हर समय अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी जिले पिछले वर्षों में त्योहारों के समय प्रदेश में घटी हर छोटी–बड़ी घटना का आंकलन करें और ऐसी व्यवस्था बनाएं कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र से छठ तक के पूरे त्योहारी माहौल में कहीं भी एक भी अप्रिय घटना न घटे। इसी क्रम में कल योगी कैबिनेट ने एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए प्रदेश में बंद पड़े सिनेमाघर को फिर से संचालित किए जाने का निर्णय लिया है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेरिस ओलंपिक और पैरालम्पिक खेलों में देश और प्रदेश का मान बढ़ाने वाले खिलाड़ियों और उनके प्रशिक्षकों को कल लखनऊ में पुरस्कृत किया। मुख्यमंत्री ने 14 ओलंपियंस और पैरा ओलंपियंस को 22 करोड़ 70 लाख रूपये की पुरस्कार राशि भेंट की। पेरिस पैरालंपिक गेम्स में के.टी. 64 इवेंट में गोल्ड जीतने वाले प्रवीण कुमार को 6 करोड़ रुपये, पैरालंपिक गेम्स में सिल्वर मेडल जीतने वाले सुहास एल वाई और अजीत सिंह को 4–4 करोड़ रुपए, प्रीति पाल को 2 कांस्य पदक जीतने पर 4 करोड़ रुपए और ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाली सिमरन को एक करोड़ रुपए की धनराशि दी गई। हॉकी के कांस्य पदक विजेता ललित उपाध्याय

और राजकुमार पाल को एक–एक करोड़ रूपयों की धनराशि देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में शामिल होने वाले अन्य खिलाड़ियों प्रियंका, अन्नू रानी, पारुल चौधरी और साक्षी को 10–10 लाख रुपये का चेक देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तर प्रदेश के युवाओं को खेल के माहौल के साथ संसाधन भी उपलब्ध करा रही है।

***प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष के अंदर जो एक नियोजित प्रयास हुए हैं वह परिणाम आज हम सबको देखने को मिल रहा है। प्रधानमंत्री जी ने खेलो इंडिया खेलों से इस अभियान का शुभारंभ किया था। इसके बाद फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और अब तो शहर हो या गाँव या विश्वविद्यालयों के स्तर पर अब लीग प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो चुकी है। इसमें अलग अलग क्षेत्र के अलग– अलग खेलों के लिए एक प्लेटफार्म प्राप्त हो रहा है और खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर भी प्राप्त हो रहा है।***

**********

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती आज प्रदेश भर में मनाई जा रही है। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, राजनीतिक एवं समाजिक संगठनों के द्वारा अलग अलग कार्यक्रमों के माध्यम से दोनों विभूतियों के व्यक्तित्व और कृतित्व को श्रद्धा पूर्वक याद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट के माध्यम से दोनों विभूतियों को नमन किया है। उन्होंने कहा कि गांधी जी के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले थे। इन्हें अपनाने से पूरे विश्व में शान्ति और सद्भाव स्थापित होगा, जिसकी आज बहुत आवश्यकता है। वहीं शास्त्री जी ने देश को यशस्वी नेतृत्व प्रदान किया, इसलिए देश उनकाः स्मरण करता है।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने मुज़फ्फरनगर के एक अनुसूचित जाति के विद्यार्थी अतुल को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी, धनबाद में प्रवेश सुनिश्चित कर के बड़ी राहत दी है। इस विद्यार्थी को पैसे जुटाकर ऑनलाइन प्रवेश शुल्क जमा करने में कुछ मिनटों की देर हो गई थी और वह प्रवेश से वंचित हो गया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड, न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को आईआईटी धनबाद के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में सीट दी जाए।

**********

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कल लखनऊ से राज्य स्तरीय संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मच्छर जनित रोगों से मुक्ति पाने के लिए सभी को अभियान से जुड़ना होगा।

***आज संचारी रोग अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के तहत जो जलभराव है स्वच्छ जल में जो मच्छर जनित रोग होते है इस अभियान के तहत ऐसे सभी मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण के लिए हम दस्तक अभियान के माध्यम से साफ भरे हुए जल को रोकने के लिए घर–घर अभियान चलाएंगे और छिड़काव पर्याप्त मात्रा में करेंगे जिससे डेंगू, मलेरिया, कालाजार जैसे मच्छर जनित रोगों उन पर हम नियंत्रण पा पाएंगे पूरे प्रदेश में चलेगा।***

**********

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने डायट द्वारा संचालित डीएलएड के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में प्रवेश की अर्हता इंटरमीडिएट से बढ़ाकर स्नातक करने के राज्य सरकार के आदेश को रद्द कर दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति मनीष कुमार ने यशांक खंडेलवाल और नौ अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए कल दिया। कोर्ट ने कहा कि प्रवेश की प्रक्रिया 12 दिसंबर तक चलेगी, इसलिए याचियों को प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी जाए।

**********

भारत ने कानपुर में दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर दो टैस्ट मैचों की श्रृंखला दो–शून्य से जीत ली है। मैच के पांचवें दिन भारत ने बांग्लादेश को दूसरी पारी में 146 रन पर समेट दिया। इसके बाद तीन विकेट पर 95 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

**********

गोरखपुर में निजी क्षेत्र के पहले विश्वविद्यालय, महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय आरोग्य धाम मेडिकल कॉलेज को नेशनल मेडिकल कमीशन से एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए 100 सीटों की मान्यता मिल गई है।

**********